**भारत सरकार**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय**

**पशुपालन और डेयरी विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 2760**

**दिनांक 19 दिसम्बर, 2023 के लिए प्रश्न**

**राष्ट्रीय गोकुल मिशन**

**2760. डॉ. मनोज राजोरिया:**

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2014 के प्रारंभ से अब तक राष्ट्रीय गोकुल मिशन का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त मिशन का, घटक-वार, मुख्य-उद्देश्य और उपलब्धियां क्या हैं;

(ग) देश में स्वदेशी गोवंश प्रजाति की उत्पादकता बढ़ाने के लिए तथा संधारणीय डेयरी फार्मिंग को बढ़ाने के लिए कौन-कौन सी स्कीम/योजनाएं हैं; और

(घ) देश में स्वदेशी गोवंश प्रजाति के विकास और संरक्षण के लिए गोकुल ग्राम से किस प्रकार मदद मिल रही है?

**उत्तर**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री**

**(श्री परशोत्तम रूपाला)**

(क) से (ग) पशुपालन और डेयरी विभाग वर्ष 2014 से पूरे देश में देशी नस्लों के विकास और संरक्षण, बोवाइनों के आनुवंशिक उन्नयन तथा बोवाइनों के दूध उत्पादन और उत्पादकता और को बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन कार्यान्वित कर रहा है, जिससे किसानों के लिए दूध उत्पादन को और लाभदायक बनाया जा सके। यह योजना वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 तक इस विभाग की संशोधित और पुनर्संरेखित योजनाओं के तहत जारी है।

योजना निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ कार्यान्वित की गई है:

(i) उन्नत तकनीकों का उपयोग करके सतत तरीके से बोवाइन की उत्पादकता बढ़ाना और दूध उत्पादन में वृद्धि करना

(ii) प्रजनन उद्देश्यों के लिए उच्च आनुवंशिक गुणता वाले सांडों के उपयोग को बढ़ाना

(iii) प्रजनन नेटवर्क को सुदृढ़ करने और किसानों के दरवाजे पर कृत्रिम गर्भाधान सेवाओं की प्रदायगी के माध्यम से कृत्रिम गर्भाधान कवरेज को बढ़ाना

(iv) वैज्ञानिक और समग्र तरीके से देशी गोपशुओं और भैंसों के पालन और संरक्षण को बढ़ावा देना।

राष्ट्रीय गोकुल मिशन (आरजीएम) के तहत प्राप्त की गई प्रमुख उपलब्धियां अनुबंध-I में हैं

(घ) राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत देशी बोवाइन नस्लों के वैज्ञानिक और समग्र तरीके से संरक्षण और विकास के उद्देश्य से एकीकृत देशी गोपशु विकास केंद्रों के रूप में 16 गोकुल ग्रामों की स्थापना के लिए निधि जारी की गई है।

गोकुल ग्राम के उद्देश्य इस प्रकार हैं:

i. वैज्ञानिक तरीके से देशी गोपशुओं के पालन और संरक्षण को बढ़ावा देना।
ii. देशी नस्लों की उत्पादकता बढ़ाना और पशु उत्पादों से सतत तरीके से आय बढ़ाना।
iii. देशी नस्लों के उच्च आनुवंशिक गुणता वाले सांडों को बढ़ावा देना।
iv. भारवाही पशु शक्ति के उपयोग के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहित करना।
v. संतुलित पोषण और एकीकृत पशु स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करना।
vi. आधुनिक फार्म प्रबंधन पद्धतियों को अनुकूलित करना और सामान्य संसाधन प्रबंधन को बढ़ावा देना।
vii. ग्रीन पावर और इको तकनीक को बढ़ावा देना।

*****

अनुबंध-I

राष्ट्रीय गोकुल मिशन (आरजीएम ) के तहत प्राप्त प्रमुख उपलब्धियां

| क्र.सं | राज्य का नाम | नस्ल चयन कार्यक्रम | संतति परीक्षण | गोकुल ग्रामों की संख्या | राष्ट्रीय कामधेनु प्रजनन केंद्र की संख्या | आईवीएफ प्रयोगशालाएं | राष्ट्रव्यापी एआई कार्यक्रम (एनएआईपी) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | शामिल पशु | किए गए कृत्रिम गर्भाधान | लाभान्वित किसान |
| 1 | आंध्र प्रदेश | - | 1 | 1 | 1 | 2 | 4672722 | 6848644 | 2520975 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | - | | 1 | | - | 3247 | 3418 | 1550 |
| 3 | असम | - | | | | - | 1092038 | 1255555 | 938083 |
| 4 | बिहार | - | | 1 | | 2 | 2310876 | 2729874 | 1827320 |
| 5 | छत्तीसगढ | - | | 1 | | 1 | 1394804 | 1646177 | 907912 |
| 6 | गोवा | - | | | | - | 20318 | 31346 | 7389 |
| 7 | गुजरात | 2 | 6 | 1 | | 3 | 3464487 | 4622165 | 2295152 |
| 8 | हरियाणा | 1 | 1 | 1 | | 1 | 431012 | 503414 | 308948 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | - | | 1 | | 1 | 1286045 | 1792727 | 1065903 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | - | | | | - | 1788087 | 2506745 | 1273588 |
| 11 | लद्दाख | | | | | | 5129 | 5761 | 4369 |
| 12 | झारखंड | - | | | | - | 1861036 | 2136182 | 1415411 |
| 13 | कर्नाटक | - | | 1 | | 1 | 3415039 | 4623994 | 2282160 |
| 14 | केरल | - | 1 | | | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | मध्य प्रदेश | - | | 1 | 1 | 2 | 6518279 | 7492918 | 4103883 |
| 16 | महाराष्ट्र | 1 | | 2 | | 3 | 4121407 | 4799577 | 2773634 |
| 17 | मणिपुर | - | | | | - | 20600 | 21903 | 11231 |
| 18 | मेघालय | - | | | | - | 45391 | 61692 | 16208 |
| 19 | मिजोरम | - | | | | - | 7779 | 9840 | 3753 |
| 20 | नागालैंड | - | | | | - | 33196 | 37628 | 13199 |
| 21 | ओडिशा | - | | | | 2 | 4178296 | 5192151 | 2710190 |
| 22 | पंजाब | 1 | 2 | 1 | | 2 | 1131408 | 1562061 | 598000 |
| 23 | राजस्थान | 2 | 1 | | | 1 | 4086074 | 4844567 | 3041466 |
| 24 | सिक्किम | - | | | | - | 32830 | 36612 | 25072 |
| 25 | तमिलनाडु | - | 1 | | | 3 | 3535421 | 5176894 | 1772345 |
| 26 | तेलंगाना | - | | 1 | | 1 | 2639564 | 3091014 | 1420389 |
| 27 | त्रिपुरा | - | | | | - | 194734 | 229747 | 167158 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | - | | 3 | | 4 | 9148938 | 12492241 | 6151636 |
| 29 | उत्तराखंड | - | | | | 1 | 1033263 | 1450050 | 832535 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | - | | | | 1 | 3672386 | 4424121 | 2689792 |
| | कुल | 7 | 13 | 16 | 2 | 32 | 62144406 | 79629018 | 41179251 |